भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1832

जिसका उत्तर 02 अगस्त, 2022/11 श्रावण, 1944 (शक) को दिया गया

बट्टे खाते में डाले गए ऋण

1832. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या वित्तमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों से वाणिज्यिक बैंकों द्वारा बट्टे खाते में डाले गए अशोध्य ऋणों का कुल मूल्य कितना है;

(ख) इस अवधि के दौरान सरकारी बैंकों द्वारा बट्टे खाते में डाले गए अशोध्य ऋणों का बैंक-वार और वर्ष-वार कुल मूल्य कितना है;

(ग) विगत पांच वर्षों से जानबूझकर दिवालिया बैंकों का बकाया रखने वाले की कुल संख्या कितनी है, शीर्ष 25 चूककर्ताओं की सूची क्या है और प्रत्येक मामले में कितनी धनराशि शामिल है; और

(घ) इस अवधि के दौरान वसूल किए गए बट्टे खाते में डाले गए ऋणों का बैंक-वार और वर्ष-वार कुल मूल्य कितना है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

(क): भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, विगत पांच वित्तीय वर्ष (वि.व.) के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा बट्टे खाते डाले गए एनपीए का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार हैः

वित्तीय वर्ष	**राशि (करोड़ रुपए में)**
2017-18	1,61,328
2018-19	2,36,265
2019-20	2,34,170
2020-21	2,02,781
2021-22 ***(अनंतिम आंकड़े)***	1,57,096

(ख): विगत पांच वित्तीय वर्ष (वि.व.) के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा बट्टे खाते डाल गए एनपीए का ब्यौरा **अनुलग्नक-1** पर है।

(ग): एससीबी और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने 5 करोड़ रूपये और उससे अधिक के समग्र एक्सपोजर वाले सभी उधारकर्त्ताओं के कुछेक ऋण सूचनाएं अपने बड़े ऋणों पर सूचना की केन्द्रीय रिपोजिटरी (सीआरआईएलसी) डाटाबेस के अंतर्गत आरबीआई को दी हैं। आरबीआई के अनुसार, इरादतन चूककर्ताओं के संबंध में सीआरआईएलसी आंकड़े वित्तीय वर्ष 2018-19 से रखे जा रहे हैं, तथा अंतिम चार वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर एससीबी में इरादतन चूककर्ताओं की कुल संख्या इस प्रकार हैः

की स्थिति के अनुसार	**संख्या**
31.3.2019	2,207
31.3.2020	2,469
31.3.2021	2,840
31.3.2022 ***(अनंतिम आंकड़े)***	2,790

सीआरआईएलसी आंकड़ों के अनुसार, शीर्ष 25 इरादतन चूककर्ताओं का ब्यौरा **अनुलग्नक-2** में दिया गया है।

(घ): आरबीआई के अनुसार विगत पांच वित्तीय वर्ष के दौरान बट्टे खाते डाले गए खातों से एससीबी द्वारा की गयी वसूली का बैंक-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-3** में दिया गया है।

*****

बट्टे खाते डाले गए ऋण से संबंधित राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1832 में संदर्भित अनुलग्नक-1

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा बट्टे खाते में डाली गयी राशि

राशि करोड़ रुपए में

बैंक	वि.व. 2017-18	वि.व. 2018-19	वि.व. 2019-20	वि.व. 2020-21	वि.व. 2021-22*
बैंक ऑफ बड़ौदा[1]	7,148	19,292	15,912	14,782	17,967
बैंक ऑफ इंडिया	8,976	7,405	7,618	8,815	3,023
बैंक ऑफ महाराष्ट्र	2,460	5,127	5,698	4,931	3,118
केनरा बैंक[2]	10,710	21,042	12,431	7,642	8,210
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	2,924	10,375	4,169	5,992	1,236
इंडियन बैंक[3]	5,242	7,091	12,151	8,371	8,347
इंडियन ओवरसीज बैंक	6,908	7,794	16,405	4,618	3,769
पंजाब एंड सिंध बैंक	460	1,635	1,781	71	1,134
पंजाब नैशनल बैंक[4]	15,631	24,076	18,444	15,877	18,312
भारतीय स्टेट बैंक[5]	39,151	58,905	52,362	34,402	19,666
यूको बैंक	2,735	4,420	12,479	9,410	3,851
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया[6]	13,371	16,040	16,426	16,983	19,484
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड[7]	12,515				

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों तथा बैंक के बोर्डों द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार अनुप्रयोज्य ऋण में, अन्य ऋणों के साथ-साथ, वैसे ऋण भी शामिल हैं, जिनकी चार वर्ष की अवधि पूरी होने पर पूर्ण प्रावधानीकरण करके उन्हें बट्टे खाते डालकर संबंधित बैंक के तुलन-पत्र से हटा दिया जाता है। आरबीआई के दिशानिर्देशों तथा अपने बोर्डों द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार बैंक अपने तुलन-पत्र को परिशुद्ध करने, कर संबंधी लाभ उठाने तथा पूंजी को इष्टतम बनाने हेतु अपने नियमित कार्यकलाप के भाग के रूप में बट्टे खाते डाले जाने के प्रभाव का मूल्यांकन करते हैं/इन पर विचार करते हैं। चूँकि बट्टे खाते डाले गए ऋणों के उधारकर्ता पर पुनर्भुगतान का दायित्व बना रहता है तथा बट्टे खाते डाले गए ऋण खातों के मामले में उधारकर्ताओं से बकाया राशि की वसूली की प्रक्रिया जारी रहती है, अत: बट्टे खाते डाले जाने से उधारकर्ता को लाभ नहीं होता है। बैंक बट्टे खाते डाले गए खतों के संबंध में वसूली की कार्रवाई को उपलब्ध अनेक तंत्रों के जरिए, जैसे सिविल न्यायालयों अथवा ऋण वसूली अधिकरणों में मुकदमा दायर करके, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी) के तहत कार्रवाई करके, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), 2016 के तहत राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) में मामला दायर करके, समझौता/सुलह के माध्यम से तथा अनुप्रयोज्य आस्तियों की बिक्री से वसूली करके, जारी रखते हैं।

स्रोत: आरबीआई, वैश्विक परिचालन

**अनंतिम आंकड़ा*

[1] विजया बैंक तथा देना बैंक को दिनांक 1.4.2019 से बैंक ऑफ बड़ौदा में समामेलित कर दिया गया था।

[2] सिंडिकेट बैंक को दिनांक 1.4.2020 से केनरा बैंक में समामेलित कर दिया गया था।

[3] इलाहाबाद बैंक को दिनांक 1.4.2020 से इंडियन बैंक में समामेलित कर दिया गया था।

[4] ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स तथा युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया को दिनांक 1.4.2020 से पंजाब नैशनल बैंक में समामेलित कर दिया गया था।

[5] स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर, स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर तथा भारतीय महिला बैंक लिमिटेड को दिनांक 1.4.2017 से भारतीय स्टेट बैंक में विलय कर दिया गया था।

[6] आंध्रा बैंक तथा कार्पोरेशन बैंक को दिनांक 1.4.2020 से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में समामेलित कर दिया गया था।

[7] आईडीबीआई बैंक लिमिटेड को दिनांक 21.1.2019 से आरबीआई द्वारा निजी क्षेत्र के बैंक के रूप में पुनर्वर्गीकृत कर दिया गया था।

टिप्पणी: समामेलित बैंकों के आंकड़े संबंधित बैंक, जिनमें उन्हें समामेलित किया गया था, में शामिल हैं।

*****

बट्टे खाते डाले गए ऋण से संबंधित राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1832 में संदर्भित अनुलग्नक-2

दिनांक 31.3.2022 की स्थिति के अनुसार, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में शीर्ष 25 इरादतन चूककर्ताओं का ब्यौरा

राशि करोड़ रुपए में

उधारकर्त्ता का नाम	ली गयी राशि
गीतांजली जेम्स लिमिटेड	7,110
एरा इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड	5,879
कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड	4,107
आरईआई एग्रो लिमिटेड	3,984
एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड	3,708
फ्रॉस्ट इंटरनेशनल लिमिटेड	3,108
विनसम डायमंड्स एंड ज्वैलरी लिमिटेड	2,671
रोटोमैक ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड	2,481
कोस्टल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड	2,311
कुडोस केमी लिमिटेड	2,082
ज़ूम डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड	1,818
बेस्ट फूड्स लिमिटेड	1,653
फॉरएवर प्रीशियस ज्वैलरी एंड डायमंड्स प्राइवेट लिमिटेड	1,639
डेक्कन क्रॉनिकल होल्डिंग्स लिमिटेड	1,594
सिद्धि विनायक लॉजिस्टिक लिमिटेड	1,560
एसवीओजीएल ऑयल गैस एंड एनर्जी लिमिटेड	1,486
सूर्य विनायक इंडस्ट्रीज लिमिटेड	1,481
गिल्ली इंडिया लिमिटेड	1,447
ईएमसी लिमिटेड	1,342
रोहित फेरो-टेक लिमिटेड	1,333
हनुंग टॉयज एंड टेक्सटाइल्स लिमिटेड	1,306
अमीरा प्योर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड	1,293
यूनिटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड	1,230
एस कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड	1,177
स्टर्लिंग बायोटेक लिमिटेड	1,158

स्रोतः आरबीआई

*****

बट्टे खाते डाले गए ऋण से संबंधित राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1832 में संदर्भित अनुलग्नक-3

बट्टे खाते डाले गए खातों में से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा की गयी वसूली का ब्यौरा

राशि करोड़ रुपए में

बैंक	वि.व. 2017-18	वि.व. 2018-19	वि.व. 2019-20	वि.व. 2020-21	वि.व. 2021-22*
अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्पोरेशन	49.61	70.53	87.77	70.38	82.43
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	38.19	25.36	16.73	5.10	5.37
एक्सिस बैंक लिमिटेड	182.92	1,867.45	1,552.99	1,245.52	-
बंधन बैंक लिमिटेड	4.50	11.41	24.91	30.77	388.12
बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी)	620.67	832.09	1,531.78	2,985.38	2,510.12
देना बैंक	141.51	173.70	बीओबी के साथ विलय		
विजया बैंक	154.49	288.82			
बैंक ऑफ इंडिया	408.13	970.52	1,775.37	529.65	1,097.13
बैंक ऑफ महाराष्ट्र	138.49	245.44	342.00	843.95	642.13
बैंक ऑफ नोवा स्कोटिया	5.61	-	0.31	0.03	-
बार्कलेज बैंक पीएलसी	5.20	18.24	3.71	3.03	0.36
केनरा बैंक	235.59	1,304.25	129.74	3,031.55	2,747.39
सिंडिकेट बैंक	488.33	569.99	1,065.93	केनरा बैंक के साथ विलय	
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	409.61	557.09	693.10	297.14	331.53
सिटी बैंक एन.ए.	83.36	99.66	103.49	106.72	303.18
सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड	71.07	89.94	108.95	103.92	188.54
सहकारी राबोबैंक यू.ए.	-	-	-	2.54	-
क्रेडिट एग्रीकोल कॉर्पोरेट और निवेश बैंक	-	0.37	0.17	-	1.73
सीएसबी बैंक लिमिटेड	26.92	30.77	60.14	74.53	78.71
सीटीबीसी बैंक कंपनी लिमिटेड	-	-	-	-	2.62
डीसीबी बैंक लिमिटेड	5.98	4.23	4.74	4.83	-
ड्यूश बैंक एजी	13.17	18.55	12.88	12.36	23.02
दोहा बैंक क्यू.पी.एस.सी.	0.71	18.09	1.39	-	-
इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	2.41	8.50	6.34	5.62	23.70
फेडरल बैंक लिमिटेड	100.78	43.58	52.24	81.01	179.14
फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	-	-	1.63	1.70	-
फर्स्टरैंड बैंक लिमिटेड	0.01	0.02	-	-	0.50
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड	1,093.84	1,430.81	2,253.45	2,148.42	2,765.13
हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	26.22	35.95	30.13	24.06	68.58
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड	278.96	1,727.02	398.97	229.99	1,283.61
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	219.24	467.79	826.56	547.44	845.53
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड	-	86.48	-	-	-
इंडियन बैंक	248.84	158.19	261.07	617.50	1,611.69
इंडियन ओवरसीज बैंक	2.63	27.81	38.56	32.46	19.17
इंडसइंड बैंक लिमिटेड	44.96	30.03	56.80	56.57	458.98
इंडस्ट्रियल एंड कॉमर्शियल बैंक ऑफ चाइना	-	-	-	0.37	21.72
जन स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	-	-	169.70	52.82	57.42
कर्नाटक बैंक लिमिटेड	79.58	51.18	95.82	171.56	245.72

करूर वैश्य बैंक लिमिटेड	43.72	70.11	9.08	30.24	6.79
लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड	47.06	22.38	8.37	2.49	-
मशरेक बैंक पीएससी	1.17	-	0.02	0.20	-
एमयूएफजी बैंक लिमिटेड	-	69.41	-	0.31	-
नैनीताल बैंक लिमिटेड	0.14	0.24	0.28	0.04	0.01
नेटवेस्ट मार्केट्स पीएलसी	18.02	-	-	1.21	0.37
नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	-	-	0.11	0.10	0.30
पंजाब एंड सिंध बैंक	48.53	159.72	177.95	125.03	261.47
पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी)	980.73	1,808.00	3,095.40	2,497.64	3,440.64
ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	263.69	1,061.97	702.15	पीएनबी के साथ विलय	
यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	106.76	342.97	535.35		
आरबीएल बैंक लिमिटेड	6.45	18.81	17.08	158.64	-
एसबीएम बैंक (इंडिया) लिमिटेड	4.49	0.49	10.13	0.74	3.82
साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड	59.73	11.79	18.48	66.64	104.75
भारतीय स्टेट बैंक	5,333.21	8,344.61	9,250.22	10,297.21	7,781.69
सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	-	1.07	2.90	4.09	-
तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड	80.18	41.33	-	-	221.33
दि धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड	13.68	10.51	13.62	2.60	6.47
यूको बैंक	181.56	448.30	1,002.97	986.40	1,546.22
उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	2.94	21.05	31.18	8.86	-
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई)	28.30	698.97	941.01	2,536.92	2,749.92
आंध्रा बैंक	127.77	367.83	313.64	यूबीआई के साथ विलय	
कॉर्पोरेशन बैंक	318.06	706.88	2,146.05		
उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	-	-	-	-	29.66
येस बैंक लिमिटेड	33.75	30.52	31.79	68.09	1,397.26

स्रोतः आरबीआई, वैश्विक परिचालन

**अनंतिम आंकड़ा*

*****